भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1154**
दिनांक 11.02.2025 को उत्तरार्थ

**स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति कार्ड**

**†1154. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतरावः**
**श्री सुधीर गुप्ताः**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020 में "ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण (स्वामित्व) योजना" की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक इसके अंतर्गत सरकार द्वारा विभिन्न गांवों में दिए गए संपत्ति कार्डों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने हाल ही में 12 राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के 50,000 से अधिक गांवों के लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत 6.5 मिलियन संपत्ति कार्ड दिए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत देश के विभिन्न गांवों में आज की तिथि के अनुसार किए गए कुल ड्रोन मानचित्रण का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त योजना देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में प्रगति लाने के अपने उद्देश्य को पूरा करने में किस प्रकार लाभदायक सिद्ध हुई है; और

(ङ) उक्त योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में भूमि सर्वेक्षण का कार्य राज्यवार कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) स्वामित्व योजना ने अप्रैल 2020 में अपनी स्थापना के बाद से लेकर अब तक 1.59 लाख गांवों में 2.38 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार करने की सुविधा प्रदान की है।

(ख) माननीय प्रधानमंत्री ने 18 जनवरी, 2025 को 10 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्रों के 52,000 ग्रामीण क्षेत्रों में 6.5 मिलियन संपत्ति कार्डों के ई-वितरण का निरीक्षण किया है । इसका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध -I** में दिया गया हैं।

(ग) 3 फरवरी, 2025 तक, 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रोंके 3.18 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, दिल्ली,

लद्दाख और लक्षद्वीप में भी ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त इस योजना को हरियाणा, उत्तराखंड, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी और त्रिपुरा में भी पूरा कर लिया गया है। ड्रोन सर्वेक्षणों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुबंध -II**में दिया गया है।

(घ) स्वामित्व योजना का उद्देश्य ड्रोन तकनीक के जरिए ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में गांवों का सीमांकन करना है और ग्रामीण आवासीय संपत्तियों हेतु अधिकारों का रिकॉर्ड और संपत्ति कार्ड तैयार करना है। यह पहल कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति कार्ड को बंधक हेतु स्वामित्व के प्रमाण के रूप में प्रदान करके संपत्ति के मुद्रीकरण और संस्थागत ऋण/बैंक ऋण तक पहुंच की सुविधा प्रदान करती है और संपत्ति विवादों को कम करती है/निपटान करती है इसके अतिरिक्त व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना को सक्षम बनाती है, जो अंततः ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत जैसी योजनाओं में योगदान देती है।

(ङ) स्वामित्व योजना हरियाणा, उत्तराखंड, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी और त्रिपुरा में अपने चरम पर पहुंच गई है। इस योजना को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है, जिसके बाद अन्य सभी भाग लेने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रोंके भी अपने चरम पर पहुंचने की उम्मीद है।

***

<u>अनुबंध-**I**</u>

'स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति कार्ड' के संबंध में दिनांक 11.02.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1154 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**<u>दिनांक 18.01.2025 को 6.5 मिलियन संपत्ति कार्डों के ई-वितरण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण</u>**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **गांवों की संख्या** | **वितरित संपत्ति कार्डों कीसंख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | छत्तीसगढ़ | 1,006 | 50,392 |
| 2 | गुजरात | 415 | 64,029 |
| 3 | हिमाचल प्रदेश | 48 | 1,165 |
| 4 | जम्मू और कश्मीर | 280 | 8,041 |
| 5 | लद्दाख | 25 | 3,000 |
| 6 | मध्य प्रदेश | 12,350 | 15,63,000 |
| 7 | महाराष्ट्र | 1,238 | 1,95,337 |
| 8 | मिजोरम | 4 | 200 |
| 9 | ओडिशा | 4 | 242 |
| 10 | पंजाब | 122 | 17,039 |
| 11 | राजस्थान | 7,522 | 1,50,778 |
| 12 | उत्तर प्रदेश | 29,501 | 45,35,680 |
| | **कुल** | **52,515** | **65,88,903** |

अनुबंध-**II**

'स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति कार्ड' के संबंध में दिनांक 11.02.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1154 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वेक्षण का राज्य/**संघ राज्य क्षेत्रवार **विवरण**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अधिसूचित गांव** | **वह गांव जहां ड्रोन उड़ाने का काम पूरा हो चुका है** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 186 | 186 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13,321 | 13,321 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5,596 | 3,399 |
| 4 | असम | 1,074 | 946 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 15,791 | 15,791 |
| 6 | दादरा नगर हवेली और दमन दीव | 80 | 80 |
| 7 | दिल्ली | 31 | 31 |
| 8 | गोवा | 410 | 410 |
| 9 | गुजरात | 15,052 | 13,949 |
| 10 | हरियाणा | 6,260 | 6,260 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 15,196 | 13,870 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 4,431 | 4,398 |
| 13 | झारखंड | 757 | 240 |
| 14 | कर्नाटक | 30,715 | 16,855 |
| 15 | केरल | 1,550 | 597 |
| 16 | लद्दाख | 230 | 230 |
| 17 | लक्षद्वीप द्वीप समूह | 10 | 10 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 43,014 | 43,014 |
| 19 | महाराष्ट्र | 37,819 | 37,609 |
| 20 | मणिपुर | 3,856 | 209 |
| 21 | मिजोरम | 550 | 319 |
| 22 | ओडिशा | 3,054 | 2,724 |
| 23 | पुदुचेरी | 96 | 96 |
| 24 | पंजाब | 12,083 | 10,458 |
| 25 | राजस्थान | 36,352 | 35,721 |
| 26 | सिक्किम | 1 | 1 |
| 27 | तमिलनाडु | 3 | 3 |
| 28 | तेलंगाना | 5 | 5 |
| 29 | त्रिपुरा | 893 | 19 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 90,573 | 90,573 |
| 31 | उत्तराखंड | 7,441 | 7,441 |
|  | **कुल** | **3,46,430** | **3,18,765** |

***